प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बजट पूर्व संवाद के तहत कर्मचारी प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे है। इस दौरान कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी अलग–अलग समूहों से बजट पूर्व संवादे करेंगे। इनमें खिलाडी, महिला, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान और व्यापारी भी शामिल है। 22 जनवरी तक ये संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। गौरतलब है कि 31 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया जायेगा। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद के माध्यम सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं।

................

देश आज स्टार्टअप इंडिया अभियान की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। इस परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नये विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युवा उद्यमिता, नवाचार और रोजगार सृजन के उत्थान के लिए समर्पित इस योजना से देश में न केवल भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को नई दिशा मिली है, बल्कि राजस्थान में भी उद्यमशीलता का नया युग शुरू हुआ है।

................

प्रदेश में खरीफ सीजन 2024–25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग और सोयाबीन की खरीद की अवधि 4 फरवरी तक बढा दी गई है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों की मूंग के समर्थन मूल्य पर बेचान में आ रही परेशानी को देखते हुये केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिख कर खरीद अवधि को बढाने के लिये आग्रह किया था। श्री दक ने बताया कि जिन किसानों ने मूंग और सोयाबीन की अपनी उपज के बेचान के लिये पहले से पंजीकरण करवा लिया है, वे अब निर्धारित तुलाई केन्द्र पर 4 फरवरी तक उपज की तुलाई करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मूंगफली की खरीद पूर्व निर्धारित दिनांक 15 फरवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खरीदे गये जिन्स की सुरक्षा और भण्डारण के लिये आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि तुलाई केन्द्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो, इसके लिये भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सैकण्डरी और सीनियर सैकण्डरी परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं छः मार्च से शुरू होगी और सैकण्डरी परीक्षा एक अप्रैल तथा सीनियर सैकण्डरी परीक्षा पांच अप्रैल तक चलेगी। बोर्ड ने परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षा में सुरक्षा और गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस बार आगामी रविवार को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। कहीं–कहीं घना से अतिघना कोहरा छाया रहा और कुछ स्थानों पर शीत से अतिशीत दिन भी रिकॉर्ड किया गया। राज्य में सबसे कम 3 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान नागौर में दर्ज हुआ।

................